# राउंडअप 2025 इस साल अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा

**मुंबई, 24 दिसंबर. साल 2025 भारत की अर्थव्यवस्था के लिए राहत और मजबूती का संकेत देने वाला रहा. आरबीआई ने चार बार रेपो रेट में कटौती कर लोन लेने वालों को बड़ी राहत दी, वहीं बैंकिंग सिस्टम में रू.2.89 लाख करोड़ की तरलता डाली गई. आयकर रिटर्न दाखिल और प्रत्यक्ष कर संग्रह ने नए रिकॉर्ड बनाए, जबकि धारा 87ए के तहत कर छूट बढ़ी. साथ ही बाजार ने 1.76 लाख करोड़ जुटाकर इतिहास रच दिया.**

**आरबीआई ने अब तक कितनी बार की रेपो रेट में कटौती?**–इस साल भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आम आदमी को बड़ी राहत दी है. साल 2025 में आरबीआई ने रेपो रेट में कुल चार बार कटौती की, जिससे लोन लेने वालों की ईएमआई कम होने की उम्मीद बढ़ी है. रेपो रेट का सीधा असर होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन पर पड़ता है. आरबीआई हर दो महीने में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक करता है, जिसमें रेपो रेट की समीक्षा की जाती है. इस साल की शुरुआत में रेपो रेट 6.50 प्रतिशत था, जो अब घटकर 5.25 प्रतिशत हो गया है. यानी पूरे साल में कुल 1.25 प्रतिशत (125 बेसिस प्वाइंट) की कटौती की गई है. भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने दिसंबर 2025 की बैठक में रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की है. इसके साथ ही रेपो रेट 5.50 प्रतिशत से घटकर 5.25 प्रतिशत हो गया है.

**रेपो रेट क्या है और असर क्या होता है?**– रेपो रेट वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक आरबीआई से अल्पकालिक कर्ज लेते हैं. जब रेपो रेट घटता है, तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है और वे ग्राहकों को कम ब्याज पर लोन दे सकते हैं. इसका फायदा खासतौर पर फ्लोटिंग रेट पर लोन लेने वालों को मिलता है, जिनकी ईएमआई घट सकती है. वहीं, रेपो रेट बढ़ने पर लोन महंगे हो जाते हैं और ईएमआई बढ़

### आयकर रिटर्न दाखिल में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

वित्त वर्ष 2024-25 में आईटीआर और प्रत्यक्ष कर संग्रह ने नए कीर्तिमान बनाए वित्त वर्ष 2024-25 में आयकर विभाग ने कर अनुपालन के मोर्चे पर उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है. इस दौरान कुल 9.19 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए, जिनमें अपडेटेड रिटर्न भी शामिल हैं. वर्ष 2020-21 में जहां यह संख्या 6.72 करोड़ थी, वहीं पांच वर्षों में इसमें 36 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इसी अवधि में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह भी तेज़ी से बढ़ा है. वित्त वर्ष 2020-21 में रू.12.31 लाख करोड़ रहा संग्रह, 2024-25 में बढ़कर ?27.02 लाख करोड़ (31 मार्च 2025 तक प्रोविजनल) पहुंच गया, जो अर्थव्यवस्था की मजबूती और बेहतर कर अनुपालन का संकेत देता है.

### 2025 में आईपीओ बाजार ने रचा इतिहास

रू.1.76 लाख करोड़ जुटाकर भारतीय प्राइमरी मार्केट ने बनाया रिकॉर्ड-नई दिल्ली. साल 2025 भारतीय आईपीओ आईपीओ बाजार के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ. मजबूत घरेलू तरलता और निवेशकों के बढ़ते भरोसे के दम पर कंपनियों ने आईपीओ के जरिए करीब रू. 1.76-1.77 लाख करोड़ जुटाए. यह अब तक का सबसे सफल साल माना जा रहा है. 103 कंपनियों ने 2025 में आईपीओ लॉन्च किए. 2024 के रू.1.60 लाख करोड़ के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा. 18 स्टार्टअप्स ने आईपीओ लाकर रू. 41,000 करोड़ से ज्यादा जुटाए. तेजी के कारण- घरेलू निवेशकों की मजबूत भागीदारी.

# अडानी पोर्ट्स ने टर्मिनल का अधिग्रहण किया पूरा



**अहमदाबाद, 24 दिसंबर. बंदरगाह कारोबार की प्रमुख कंपनी अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन ने ऑस्ट्रेलिया के क्विंसलैंड प्रांत में ऐबट प्वाइंट पोर्ट की शत-प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है. इस सौदे में किसी प्रकार की नकदी का लेनदेन नहीं हुआ है.**

ऐबट प्वाइंट पोर्ट की प्रवर्तक कंपनी करमाइकल रेल एंड पोर्ट सिंगापुर को बदले में प्राथमिकता के आधार पर इक्विटी शेयर जारी किये गये हैं जिनका मूल्य मंगलवार के बंद भाव के अनुसार 21,483 करोड़ रुपये से अधिक है. अडानी पोर्ट्स ने आज बताया कि इस सौदे के लिए बहुलांश और अल्पांश शेयरधारकों के अलावा भारतीय रिजर्व बैंक और ऑस्ट्रेलिया विदेशी निवेश समीक्षा बोर्ड समेत सभी नियामकों की मंजूरियां भी मिल चुकी हैं. ऐबट प्वाइंट पोर्ट ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड प्रांत में गहरे पानी के प्राकृतिक टर्मिनल एनक्यूएक्सटी का संचालन करती है. इस निर्यात टर्मिनल की सालाना क्षमता पांच करोड़ टन है और प्रांतीय सरकार ने इसे लंबी अवधि की लीज पर आवंटित किया है. लीज की अवधि साल 2110 में समाप्त होगी. अडानी पोर्ट्स ने करमाइकल रेल एंड पोर्ट सिंगापुर को दो रुपये अंकित मूल्य के 14,38,20,153 शेयर आवंटित किए हैं.

अडानी पोर्ट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्वनि गुप्ता ने सौदे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि एनक्यूएक्सटी एक उत्कृष्ट परिसंपत्ति है. इसका ट्रैक रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है और इसमें विकास की काफी संभावना है. पिछले वित्त वर्ष में एनक्यूएक्सटी का परिचालन लाभ 22.8 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर रहा था. यह अडानी पोर्ट्स के पिछले वित्त वर्ष के परिचालन लाभ का सात प्रतिशत है.

# डिजिटल मर्चेंट कैश एडवांस लोन शुरू करने की घोषणा

**मुंबई, 24 दिसंबर. निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक ने मंगलवार को डिजिटल मर्चेंट कैश एडवांस लोन शुरू करने की घोषणा की. यह अपनी तरह का पहला कैश-फ्लो आधारित ऋण समाधान है, जिसे विशेष रूप से देश के सूक्ष्म एवं लघु व्यवसायों के लिए डिजाइन किया गया है.**

इसके तहत कारोबारी दो लाख रुपये से 20 लाख रुपये तक का असुरक्षित ऋण ले सकते हैं. इससे विशेष रूप से खुदरा दुकानों को त्वरित ऋण प्राप्त करने और दैनिक कमाई के अनुसार किस्तों में पुनर्भुगतान की सुविधा मिलती है. यह समाधान पूरी तरह से डिजिटल है. इसमें पात्रता का मूल्यांकन पारंपरिक वित्तीय विवरणों की बजाय कैश-फ्लो इंटेलिजेंस और अन्य मापदंडों के माध्यम से किया जाता है.

ऋण प्रक्रिया के रूप में ग्राहकों को एक्सिस बैंक की चालू खाता सेवा भी प्रदान की जायेगी जिससे ऋण के लिए आवेदन से वितरण तक एक सहज अनुभव सुनिश्चित होगा. आवेदकों को मंजूरी के कुछ दिनों के भीतर पैसा मिल जाता है. पुनर्भुगतान स्वचालित रूप से दैनिक किस्तों के माध्यम से एकत्र किया जाता है. इसमें व्यापारियों को भारी समान मासिक किस्त की बजाय वास्तविक बिक्री के आधार पर दैनिक भुगतान की छूट मिलती है.

# मुंबई पोर्ट और एनबीसीसी का सैद्धांतिक समझौता

**मुंबई बंदरगाह प्राधिकरण से परियोजनाओं को शुरू करने को सैद्धांतिक स्वीकृति**



**मुंबई, 24 दिसंबर.** शहरी अवसंरचना विकास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के अधीन नवरत्न सीपीएसई, एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने मुंबई बंदरगाह प्राधिकरण (एमबीपीए) के बोर्ड के साथ 23 दिसंबर को मुंबई के कॉटन ग्रीन डिपो के पास मुंबई बंदरगाह की लगभग 25 एकड़ भूमि पर सीजीओ कॉम्प्लेक्स के विकास के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एनबीसीसी अवधारणा से लेकर चालू होने तक के कार्यों के निष्पादन की देखरेख करेगी. समझौते पर मुंबई बंदरगाह प्राधिकरण (एमबीपीए) के उप अध्यक्ष आदेश तितारमारे, आईएएस और एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक केपी महादेवस्वामी ने दोनों संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए. इसके अलावा, सीजीओ कॉम्प्लेक्स के अतिरिक्त, मुंबई पोर्ट अथॉरिटी ने एनबीसीसी को कई अन्य परियोजनाओं के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की है, जैसे-अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र का निर्माण, भवन, शेड, घाट, भंडारण क्षेत्र, सड़कों आदि का रखरखाव, यह समझौता ज्ञापन भारत सरकार के सतत शहरी परिवर्तन के दृष्टिकोण के अनुरूप, नियोजित पुनर्विकास, परिसंपत्ति मुद्रीकरण और विश्व स्तरीय अवसंरचना के निर्माण के उद्देश्य से किए जा रहे रणनीतिक सहयोग की शुरुआत का प्रतीक है.

इस साझेदारी के तहत, एनबीसीसी परियोजना प्रबंधन, पुनर्विकास और अवसंरचना कार्यान्वयन में अपनी सिद्ध विशेषज्ञता का लाभ उठाएगी, जबकि एमबीपीए बंदरगाह की भूमि परिसंपत्तियों के इष्टतम उपयोग को सुगम बनाएगी. यह समझौता ज्ञापन राष्ट्र निर्माता और विश्वसनीय विकास भागीदार के रूप में एनबीसीसी की बढ़ती भूमिका को सुदृढ़ करता है और आधुनिक शहरी नियोजन सिद्धांतों के अनुरूप अपनी भूमि परिसंपत्तियों की वास्तविक क्षमता को उजागर करने के मुंबई पोर्ट अथॉरिटी के संकल्प को रेखांकित करता है. यह साझेदारी शहरी पुनर्विकास और बुनियादी ढांचे के नेतृत्व वाले विकास में नए मानदंड स्थापित करने के लिए तैयार है, जिससे टिकाऊ और समावेशी शहरों की दिशा में भारत की यात्रा को मजबूती मिलेगी.



# सोना-चांदी तीसरे दिन भी ऑलटाइम हाई पर

**चांदी की कीमत में 30 हजार रुपये से ज्यादा का उछाल**

**हॉलमार्क और कीमत की जांच है जरूरी**


**नई दिल्ली, 24 दिसंबर. सोने और चांदी की चमक ने एक बार फिर निवेशकों और आम लोगों को हैरान कर दिया है. लगातार तीसरे दिन कीमती धातुएं ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई हैं. जहां सोना नई ऊंचाइयों को छू रहा है, वहीं चांदी ने तो रफ्तार का नया रिकॉर्ड बना दिया है. सिर्फ 10 दिनों में चांदी की कीमत में 30 हजार रुपये से ज्यादा का उछाल आना बाजार में असाधारण माना जा रहा है.**

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, डॉलर की कमजोरी और भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशक एक बार फिर सुरक्षित निवेश की ओर लौट रहे हैं. इसका सबसे बड़ा फायदा सोने और चांदी को मिल रहा है. यही वजह है कि इन धातुओं की कीमतें हर दिन नया रिकॉर्ड बना रही हैं. शादी-विवाह और त्योहारों के सीजन में जहां आम खरीदारों की जेब पर असर पड़ा है, वहीं निवेशकों के चेहरे पर मुस्कान है. बाजार विशेषज्ञ मानते हैं कि मौजूदा हालात में कीमती धातुओं की यह तेजी फिलहाल थमने वाली नहीं है. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 दिसंबर को सोने और चांदी की कीमतों ने नया इतिहास रच दिया. 24 कैरेट सोना 352 रुपये की बढ़त के साथ 1,36,635 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. इससे पहले यह 1,36,283 रुपये पर बंद हुआ था, वहीं चांदी ने निवेशकों को चौंकाते हुए एक ही दिन में 7,934 रुपये की छलांग लगाई और 2,18,954 रुपये प्रति किलो के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई.

वहीं चांदी की कीमतों को इंडस्ट्रियल डिमांड ने नई उड़ान दी है. सोलर पैनल, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिक वाहनों में बढ़ते इस्तेमाल के कारण चांदी अब केवल गहनों तक सीमित नहीं रही. केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया का कहना है कि आने वाले एक साल में चांदी 2.50 लाख रुपये प्रति किलो तक जा सकती है, जबकि सोना भी 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को छू सकता है. ऐसे में निवेश से पहले सतर्कता और सही जानकारी बेहद जरूरी है.

# जीएसटी लागू होने से पूरा देश बना एक बाजार

### सीपी राधाकृष्णन ने पुस्तक विमोचन के दौरान कहा



**नई दिल्ली, 24 दिसंबर. उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को कहा कि मौजूदा सरकार की आर्थिक नीतियों की वजह से आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और वस्तु एवं सेवा कर लागू होने के बाद देश एक बाजार के रूप में उभरा है.**

हिमाचल प्रदेश के राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार की पुस्तक मोदी युग में भारत का आर्थिक सशक्तिकरण का यहां उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में विमोचन करते हुए श्री राधाकृष्णन ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों की वजह से देश 2047 में विकसित राष्ट्र के रूप में उभरकर सामने आ रहा है. देश में जीएसटी लागू होने से आज पूरा देश एक साझा बाजार बनकर उभरा है. इसका सीधा लाभ छोटे और मझौले व्यापारियों तथा किसानों को मिल रहा है.

आज पंजाब का किसान अपनी उपज केरल में बेच सकता है और हिमाचल प्रदेश का हथकरघा व्यापारी अपना सामान तमिलनाडु भेज सकता है. इसके लिए सभी प्रक्रियाएं बिना किसी परेशानी के घर बैठे ही पूरी हो जाती हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आर्थिक नीतियों की वजह से आज भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दहलीज पर है. उपराष्ट्रपति ने जनधन खातों की जिक्र करते हुए कहा कि जीरो बैलेंस के साथ बैंक खाते खोलने से हर नागरिक को बैंकिंग सुविधा मिल सकी है और आज समाज के निचले तबके के करोड़ों रुपये बैंक खातों में जमा हैं.

# शेयर बाजारों में गिरावट सेंसेक्स 116 अंक टूटा

**मुंबई, 24 दिसंबर.**घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को शुरुआती तेजी के बाद गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 116.14 अंक टूटकर 85,408.70 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 35.05 अंक यानी 013 प्रतिशत नीचे 26,142.10 अंक पर बंद हुआ. मझौली कंपनियों में बिकवाली के दबाव में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.81 प्रतिशत फिसल गया. छोटी कंपनियों में लिवाली से स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.28 फीसदी की तेजी रही. डॉलर की तुलना में रुपये में रही गिरावट का दबाव शेयर बाजारों पर भी देखा गया.

# दिल्ली से लंदन की उड़ान शुरू करेगी इंडिगो



**नई दिल्ली, 24 दिसंबर. निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो अगले साल फरवरी में दिल्ली से लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे के लिए उड़ान शुरू करेगी. एयरलाइन ने बुधवार को बताया कि इस मार्ग पर सेवा 02 फरवरी से शुरू होगी और सप्ताह में पांच दिन उपलब्ध होगी.**

इसके लिए वह नॉर्स एटलांटिक एयरवेज से वेट/डैम्प लीज पर लिए गये बोइंग 787 विमान का परिचालन करेगी. इसके साथ ही लंदन के हीथ्रो के लिए उसकी सप्ताह में 12 उड़ानें हो जायेंगी. वह पहले ही मुंबई से हीथ्रो के लिए दैनिक उड़ान का परिचालन कर रही है.

नयी उड़ान दिल्ली हवाई अड्डे से सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को सुबह 9-40 बजे रवाना होगी. उड़ान की वापसी यात्रा हीथ्रो हवाई अड्डे से शाम 5-15 बजे शुरू होगी. यह सफर 10 घंटे 45 मिनट का होगा.

## समाचार विशेष



# सीट शेयरिंग पर डील डन

### ठाकरे बंधु साथ मिलकर लड़ेंगे मुंबई नगर निगम

**मुंबई. ठाकरे भाइयों, उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे, के बीच 20 साल पुरानी दुश्मनी खत्म होने की खबरें हैं. दोनों ने मुंबई नगर निगम चुनाव के लिए सीट शेयरिंग डील पर सहमति जताई है, जिसमें शिवसेना (यूबीटी) 157 सीटों पर और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) 70 सीटों पर चुनाव लड़ेगी.**

इस डील में कांग्रेस का कोई हिस्सा नहीं है, जिससे एमवीए गठबंधन में तनाव की खबरें हैं. शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता आनंद दुबे ने कांग्रेस को मुंबई की राजनीति में अप्रासंगिक बताया है.

### ठाकरे भाइयों की वापसी का महत्व

उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की वापसी महाराष्ट्र की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ हो सकती है. अगर वे सफल होते हैं, तो यह उनकी राजनीतिक वापसी का संकेत होगा. लेकिन अगर वे विफल होते हैं, तो यह उनकी राजनीतिक भविष्य के लिए खतरा हो सकता है. कांग्रेस ने इस डील से बाहर रहने का फैसला किया है और अपने दम पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है. कांग्रेस नेता सचिन सावंत ने कहा है कि पार्टी किसी भी ऐसी पार्टी के खिलाफ लड़ेगी जो धर्म, जाति, क्षेत्र या भाषा के नाम पर संघर्ष पैदा करती है.

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम
A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

प्रधान कार्यालय : 112, जे.सी. रोड़, बैंगलूर - 562002
अंचल कार्यालय: प्लाट नं. 04, पीएसपी एरिया, एम्स के समीप, साकेत नगर, अंचल कार्यालय, भोपाल
क्षेत्रीय कार्यालय: ओमेगा टॉवर, तीसरी मंजिल, 32 मैकेनिक नगर, भमोरी, इंदौर,
फोन: 7049919126

**ई-नीलामी सूचना**

**अचल संपत्तियों की ई-नीलामी (ऑनलाइन) के विक्रय की सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 एवं सेक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इनफोर्समेंट) नियम 2002 के नियम 8(6) एवं (9) के अन्तर्गत**

यह सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल संपत्तियों का कब्जा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्ननिमार्ण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं सेक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इनफोर्समेंट) नियम 2002 के अंतर्गत ले लिया है, सेवाप्रदाता **पीएसबी एलयांस प्रा.लि.** के द्वारा संचालित ई-नीलामी निम्न शर्ते एवं नियम के आधार पर संपत्ति का विक्रय वेबसाईट **https://baanknet.com/** द्वारा की जायेगी।

| क्रं. | शाखा का नाम एवं मोबाईल नं. | ऋणी/सह ऋणी एवं जमानतदार का नाम | संपत्तियों का विवरण | क्षेत्रफल | कब्जे का प्रकार | संपत्ति का प्रकार | बकाया राशि (₹) | आरक्षित मूल्य (₹) / धरोहर राशि | ई-नीलामी की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खण्डवा शाखा 85950 58017 | मेसर्स कौशल वर्मा कन्स्ट्रक्शन, प्रोप्राईटर श्री चंद्रशेखर वर्मा, श्री चंदशेखर वर्मा पिता सुरेश चंद वर्मा, श्रीमती पुष्पा बाई वर्मा पति श्री जयराज वर्मा | प्लाट नं. 20 का भाग पर स्थित रहवासी मकान, नजुल ब्लॉक नं. 23, रामकृष्णगंज वार्ड नं. 18, डॉ. हसन अली मार्ग, खण्डवा (म.प्र.) 450001, मालिक: श्रीमती पुष्पा बाई वर्मा पति जयराज वर्मा, सीमाएं: उत्तर: सड़क, दक्षिण: गली, पूर्व: हरलाल वर्मा का मकान, पश्चिम: धम्माली का मकान | 598 वर्गफीट | सांकेतिक कब्जा | मकान | 15,95,013.13 ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक 22.05.2025 से | Rs. 28,69,000 / Rs. 2,86,900 | 27.01.2026 दोपहर 12.00 से 2.00 बजे तक (यदि आवश्यकता हुई तो प्रत्येक 5 मिनट का विस्तार) |
| 2. | खण्डवा शाखा 85950 58017 | मेसर्स वर्मा कॉन्ट्रेक्टर एण्ड कन्स्ट्रकशन, प्रोप्राईटर श्री सेवक राम वर्मा, श्री सेवक राम वर्मा पिता सुरेश चंद वर्मा, श्रीमती लक्ष्मीबाई वर्मा पिता अशोक वर्मा, श्री मनीष कुमार वर्मा पिता प्रकाश चंद वर्मा एवं श्री विकास वर्मा पिता प्रकाश चंद वर्मा | प्लाट नं. 23 का पश्चिमी भाग पर स्थित रहवासी मकान, शीट नं. 23, महाराणा प्रताप वार्ड नं. 12, खण्डवा तरफ कुम्बी, गंज बाजार, ओल्ड घासपुरा, खण्डवा (म.प्र.) 450001, मालिक: लक्ष्मीबाई वर्मा पति अशोक वर्मा, सीमाएं: उत्तर: गली, दक्षिण: गली, पूर्व: भूमि का शेष भाग, पश्चिम: ताहिर भाई का मकान | 550 वर्गफीट | सांकेतिक कब्जा | मकान | 17,72,187.24 ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक 24.05.2025 से | Rs. 17,87,000 / Rs. 1,78,700 | 27.01.2026 दोपहर 12.00 से 2.00 बजे तक (यदि आवश्यकता हुई तो प्रत्येक 5 मिनट का विस्तार) |

**नियम एवं शर्ते: संपत्ति का विक्रय सेक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इनफोर्समेंट) नियम 2002 के अंतर्गत एवं नीचे वर्णित शर्तो के आधार पर ही होगा।** (1) संपत्ति का विक्रय भार सहित **''जहाँ है जैसी है, जैसी है वैसी है एवं जो कुछ भी है''** के आधार पर होगा। बैंक की जानकारी में संपत्ति पर कोई अधिभार नहीं है। (2) नीलामी/बोली केवल **ऑनलाइन इलेक्टानिक बोली** के माध्यम से वेबसाइट **https://baanknet.com/** के द्वारा होगी। बोलीकर्ताओं को परामर्श दिया जाता है कि वे ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के पूर्व वेबसाइट देख लें। (3) संपत्ति का निरिक्षण बैंक के प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व में अनुमति लेकर **दिनांक 23.01.2026 को प्रातः 10.30 से सायं 5 बजे** के बीच कर सकते है। (4) आरक्षित मूल्य से कम कीमत पर संपत्ति का विक्रय नही होगा। विक्रय प्रक्रिया में भाग लेने वाले बोलीकर्ता नीलामी के मध्य अपनी बोली आगे बड़ा सकते है। (5) ईएमडी राशि आरक्षित मूल्य का 10% डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से **प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक, संबंधित शाखा** के पक्ष में **दिनांक 23.01.2026 तक या इसके पूर्व सायं 5.00 बजे** तक जमा करना होगा। (6) इच्छुक बोलीकर्ताओ के पास अपना वैद्य डिजीलॉकर एवं ई-मेल पता होना चाहिए। (7) ईएमडी राशि चुकाने के पश्चात इच्छुक बोलीकर्ताओं को निम्नलिखित दस्तावेजों की विस्तृत जानकारी **दिनांक 23.01.2026 के पूर्व सायं 05.00 बजे तक केनरा बैंक, संबंधित शाखा** में व्यक्तिगत रूप से या मेल द्वारा जमा हो जाना चाहिए। (1) ईएमडी की राशि यदि आरटीजीएस/एनईएफटी के द्वारा जमा की हो तो उसकी प्राप्त रसिद यूटीआर नं. सहित। (2) पेन कार्ड, आईडी प्रूफ एवं एड्रेस प्रूफ कॉपी जबकि सफल बोलीकर्ता द्वारा इनके मूल दस्तावेज बैंक को बिड राशि की 25% जमा करते समय देना होगा। (3) बोलीकर्ता का नाम, संपर्क नं., पता, ई-मेल आईडी (4) ऑनलाइन ईएमडी की राशि वापस करने के लिए बोलीकर्ता के खाते की विस्तृत जानकारी। (8) इच्छुक बोलीकर्ता को अपना नाम पोर्टल **https://baanknet.com/** पंजीकृत करना होगा एवं उनकी यूज़र आईडी, पासवर्ड नि:शुल्क प्राप्त करें। संभावित बोलीकर्ता सेवाप्रदाता **पीएसबी एलयांस प्रा.लि., ईमेल आईडी: support.baanknet@psballiance.com, फोन नं.: 8291220220** से ऑनलाइन ई-नीलामी की प्रक्रिया हेतु प्रशिक्षण ले सकते है। (9) नीलामी असफल बोलीकर्ता द्वारा जमा की गई ईएमडी राशि संपत्ति के विक्रय की पुष्टिके दो दिन पश्चात वापस कर दी जावेगी। ईएमडी राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा। (10) नीलामी आरक्षित मूल्य से शुरू होगी जैसा की उपर वर्णित है। बोलीदाताओं को **50.00 लाख तक आरक्षित मूल्य वाली संपत्तियों के लिए 10,000 रुपये के गुणक में तथा 50.00 लाख से अधिक आरक्षित मूल्य वाली संपत्तियों के लिए 25,000 रुपये के गुणक** में अपनी पेशकश में सुधार करना होगा। ऑनलाइन नीलामी की प्रक्रिया समाप्त होते समय बोलीकर्ता द्वारा उच्चतम बोली लगाई जाती है (आरक्षित मूल्य से कम नही) तो उस बोलीकर्ता को सफल बोलीकर्ता घोषित किया जायेगा। सुरक्षित लेनदार द्वारा विक्रय की पुष्टि के पश्चात ही सफल बोलीकर्ता के पक्ष में विक्रय की पुष्टि की जावेगी। (11) सफल बोलीकर्ता को उसके पक्ष में बोली की पुष्टि के तुरंत बाद उसी दिन या उसके अगले कार्यदिवस पर विक्रय मूल्य का 25 प्रतिशत (ईएमडी की राशि सहित जो पूर्व में जमा की गई है) जमा करनी होगी एवं शेष राशि सुरक्षित देनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि होने की दिनांक से 15 दिनों के भीतर जमा करानी होगी। यदि सफल बोलीकर्ता उपर वर्णित समयावधि में राशि चुकाने में असफल होता है तो प्राधिकृत अधिकारी द्वारा पूर्व में बिना कोई सूचना दिए उसकी जमा राशि जप्त कर ली जावेगी एवं संपत्ति का पून: विक्रय किया जावेगा। (12) सफल बोलीकर्ता द्वारा दस्तावेजों के निष्पादन में होने वाले सभी खर्च, रजिस्ट्रेशन फीस, स्टॉम्प ड्यूटी, टेक्सेस, सरकारी बकाया इत्यादि स्वयं वहन करने होंगे। (13) प्राधिकृत अधिकारी के पास बोली को स्थगित करने, आगे बढ़ाने या नियम व शर्तो को बिना पूर्व सूचना दिये बदलने का अधिकार सुरक्षित है। (14) **विस्तृत जानकारी के लिए केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, इन्दौर, फोन नं.: 7049919126 पर संपर्क करें।** विशेष निर्देशन/सावधानी: यह बोलीदाता/कर्ता के हित में होगा कि वे आखिरी क्षण में बोली न लगाएं क्योंकि किसी भी चूक/विफलता (इंटरनेट विफलता/बिजली कट जाना आदि) के लिए न तो बैंक और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा। इस प्रकार की आकस्मिक स्थितियों से निपटने के लिए बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्थाएं/विकल्प जैसे बिजली आपूर्ति हेतु बेक-अप की तैयारी रखें ताकि ऐसी स्थिति को दरकिनार कर सकें एवं सफलता पूर्वक नीलामी में भाग ले सकें।

**स्थान : इंदौर, दिनांक : 25.12.2025**

**प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक**